तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 16 मई 2026


13 सुशासन तिहार : विधायक ने कातलबोड़ में सुनीं जनसमस्याएं ...



14 कोलियारी समेत आसपास के गांवों में बिजली संकट ...



[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]






# प्रचार-प्रसार के बाद भी प्लेसमेंट कैंप से घटी युवाओं की रूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करियर बनाने का अवसर देने के लिए लगाए जा रहे प्लेसमेंट कैंप में युवाओं की रूचि घटती जा रही है। इस साल तो विभिन्न कारणों से प्लेसमेंट कैंप ही नहीं लगाए जा सके हैं। जून माह में प्लेटमेंट कैंप लगाकर अप्रैल और मई माह के टार्गेट को कवर किया जाएगा।

सरकारी नौकरियों के अवसर काफी कम है। उधर प्राइवेट सेक्टर में अच्छे करियर के अवसर मिल रहे हैं। स्थिति को देखते हुए जिला रोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा पिछले कई साल से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्राइवेट कम्पनियों द्वारा युवाओं को नौकरी दी जाती है। कई युवा इन्हीं प्लेसमेंट कैंप के जरिए अपना करियर बना चुके हैं। रोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा लगातार प्लेसमेंट कैंप का प्रचार- प्रसार भी किया जाता है। इसके बाद भी युवाओं की रूचि इस प्लेसमेंट कैंप से हटती जा रही है। जानकारी के अनुसार पिछले सत्र में रोजगार कार्यालय में 12, लाइवलीहुड कॉलेज में 1 और बीसीएस पीजी कॉलेज में 2 प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था। कुल 15 प्लेसमेंट कैंप लगाए गए थे। विभिन्न 39 कम्पनियों ने रिक्त 8 हजार 939 पदों पर भर्ती के लिए युवाओं से आवेदन आमंत्रित किया था। इन रिक्त पदों के विरूद्ध मात्र 1 हजार 99 युवा ही प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित हुए। इसमें भी 78 युवाओं का चयन हुआ है। चयनित युवाओं में 24 महिलाएं हैं। बाकी पुरूष हैं।

## दो माह से नहीं लगा कैंप, जून में होगी ताबड़तोड़ भर्ती

### अग्निवीर परीक्षा के बाद होगा कैंप

इस साल तो प्लेसमेंट कैंप की रफ्तार काफी सुस्त है। इस वर्ष मात्र 23 फरवरी को एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था। इस वित्तीय वर्ष में यानी अप्रैल और मई माह में कैंप का आयोजन ही नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार रोजगार कार्यालय में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में प्रशिक्षण चल रहा है, जिसके चलते प्लेसमेंट कैंप आयोजन नहीं हो पा रहा है। जून में अग्निवीर परीक्षा होने के बाद प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।



फाइल फोटो

### करेंगे कवर

अभी अग्निवीर के लिए कक्षाएं चल रही हैं। अग्निवीर परीक्षा से पहले क्लास बंद कर दी जाएगी। परीक्षा के बाद जून माह में प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा। विभिन्न कम्पनियों का ऑफर है। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से दो माह से रूके हुए प्लेसमेंट कैंप को कवर किया जाएगा।

- श्रीमती पुष्पा चौधरी,
*जिला रोजगार अधिकारी*

## खबर संक्षेप

### कॉम्पटेक में प्रैक्टिकल परीक्षा 16 एवं 17 मई को

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में बीसीए, बीएससी (आईटी) द्वितीय सेमेस्टर प्रोग्रामिंग इन सी प्लस प्लस एवं चतुर्थ सेमेस्टर प्रोग्रामिंग इन पाइथन की परीक्षा 16 मई शनिवार को प्रातः 9 बजे से होगी। 17 मई रविवार को पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर की फाइनेंशियल अकाउंटिंग इन टेली की प्रैक्टिकल परीक्षा प्रातः 9 बजे से होगी। यह जानकारी डॉ आशीष नामदेव ने दी है।

### जनजातीय गरिमा उत्सव 19 से

**धमतरी।** जिले में जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान अंतर्गत जिले के पीएम-जनमन एवं धरती आबा योजना से जुड़े ग्रामों में संतृप्ति अभियान, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा ग्राम स्तरीय सघन शिविर आयोजित किए जाएंगे। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान अधिकारियों, आदिकर्मयोगियों तथा गैर सरकारी संगठनों द्वारा ग्राम भ्रमण एवं पैदल यात्रा आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। योजना के तहत वर्तमान में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। पात्रता के लिए कक्षा 4 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड होना आवश्यक है। जिला धमतरी के लिए अनुसूचित जाति वर्ग से 3 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से 3 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी के पालक की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी 20 जून तक अपने विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। शाला प्रमुख आवेदन परीक्षण कर 27 जून तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजेंगे।

## डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने से आपूर्ति सामान्य होने की संभावना

# ईंधन संकट से जनजीवन की रफ्तार हुई धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति बाधित होने से जनजीवन की रफ्तार धीमी पड़ गई है। यहां के अधिकांश पेट्रोल पंपों में ईंधन नहीं मिलने से वाहन संचालक जेरिकेन लेकर पेट्रोल पंपों की खाक छानते रहे। डिब्बे में ईंधन नहीं मिलने की जानकारी के बाद भी जरूरतमंद उम्मीद में पेट्रोल पंपों में जेरिकेन की लाइन लगाकर बैठे रहे। हालत यह है कि पर्याप्त ईंधन नहीं मिलने से बस, ट्रक, कृषि सहित छोटे बड़े वाहनों के पहिए थम गए या फिर फेरे में कटौती करनी पड़ी है। इस मुसीबत के साथ शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में प्रति लीटर करीब 3 रुपए की वृद्धि हो गई है। माना जा रहा है कि दाम बढ़ने से ईंधन की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

शुक्रवार की सुबह से कई लोग डिब्बे लेकर पेट्रोल पंपों की खाक छानते मिले। सिहावा रोड स्थित एफसीआई के पास कृष्णमूर्ति पेट्रोल पंप में डीजल-पेट्रोल के लिए वाहनों की कतारें लगी रहीं। यहां पर डीजल से भरा एक टैंकर खड़ा था। पेट्रोल पंप कर्मचारी ने बताया कि टैंकर तो है लेकिन इसका कंट्रोल डिपो से है। टैंकर तब खाली होगा जब तेल डिपो से ओटीपी जारी होगा। फिलहाल 9 बजे के बाद पेट्रोल-डीजल देना शुरु होगा।

बंशीलाल बनारसीलाल पेट्रोल पंप मकई चौक में जेरिकेन की लंबी लाइन लगी रही। पंप संचालक डिब्बे में ईंधन नहीं मिलने की जानकारी देते रहे फिर भी जरूरतमंद लोग जेरिकेन की लाइन लगाए घंटों ईंधन मिलने की उम्मीद में खड़े रहे। यहां ट्रैक्टर, आटो, मिनी ट्रकों को सीमित मात्रा में डीजल दिया गया। पेट्रोल को लेकर भी आपाधापी मची रही।



■ पंपों में लगी वाहनों की लंबी कतारें

रत्नाबांधा चौक स्थित एक पेट्रोल पंप पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। थोड़ा आगे कालटेक्स पेट्रोल पंप पर दोपहिया, बस, निगम के वाहन, मालवाहकों की लंबी लाइन लगी रही। यहां वाहनों के चक्के के हिसाब से डीजल देने का कोटा तय किया गया था। यहां डीजल देने सरकारी वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही थी। निजी वाहन संचालकों द्वारा विरोध करने पर पंप संचालिका का कहना था कि मेरा पेट्रोल पंप है। अपने हिसाब से ईंधन का वितरण करूंगी। अगर तुम्हे भी ईंधन चाहिए तो पुलिस बुलाकर वाहनों को व्यवस्थित कराएं।

### यही हाल रहा तो थम जाएगा कृषि कार्य

किसान नीलकंठ साहू, श्यामाप्रसाद हिरवानी, मोहित साहू ने बताया कि रबी फसल धान कटाई के साथ खरीफ फसल के लिए तैयारी शुरु हो चुकी है। गांव तरफ के पंपों में ईंधन नहीं है। ट्रैक्टर को लेकर पंप में लाइन लगाना और सीमित मात्रा में डीजल मिलना किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। डिब्बे में ईंधन के लिए पंप संचालक एसडीएम-कलेक्टर से अनुमति पत्र लाने को कह रहे हैं, जो किसानों के लिए संभव नहीं है।

### बस-गुड्स की रफ्तार पड़ी धीमी

डीजल संकट का असर बस, माल वाहकों पर दिखाई पड़ने लगा है। वाहनों को पर्याप्त डीजल नहीं मिलने पर कई रूट में फेरों की संख्या कम करनी पड़ी है। महेंद्रा बस डिपो से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर से बस्तर तक प्रतिदिन करीब 35 बसें संचालित होती हैं। गुरुवार को 5 बसों के फेरे नहीं हो पाए हैं। वर्तमान में भी यही स्थिति निर्मित है। डीजल की किल्लत से मालवाहकों के पहिये भी थम चुके हैं।

### पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े

शुक्रवार से पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि हो गई है। गुरुवार तक डीजल का दाम 93.93 रुपए प्रति लीटर था, वह शुक्रवार तड़के 97.70 रुपए लीटर हो गया है। पेट्रोल का दाम गुरुवार तक 100.99 रुपए था, वह शुक्रवार को 113.75 रुपये हो गया है।

### जिले में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर



**धमतरी।** जिले में पेट्रोल पंपों पर इन दिनों बढ़ती भीड़ एवं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ईंधन एवं घरेलू गैस की कमी संबंधी अफवाह फैलाए जाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर आवश्यकतानुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं फूड इंस्पेक्टर की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडारण है। आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। एलपीजी (घरेलू गैस) की भी जिले में किसी प्रकार की कमी अथवा शॉर्टेज नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा फैलायी जा रही भ्रामक सूचनाओं के कारण अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ एकत्र हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पेट्रोल पंपों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट सूचना अथवा अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुरूप ही ईंधन एवं गैस क्रय करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# लीलर उपचुनाव : दो अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन



■ 2 सरपंच तथा 20 पंच पद के लिए 1 जून को होगा मतदान, नामांकन 18 मई तक होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्लाक में एक सरपंच और दो पंच पद के लिए 1 जून को उपचुनाव होगा। शुक्रवार को ग्राम पंचायत लीलर सरपंच पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। ग्राम पंचायत मोंगरागहन में एक पंच पद के लिए नामांकन जमा हो गया है जबकि बिरेतरा पंच के लिए अब तक कोई नामांकन नहीं भरा गया है।

धमतरी ब्लाक में पंचायत उपचुनाव के लिए 11 मई से 18 मई तक नामांकन दाखिल करने का समय है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत लीलर सरपंच पद के लिए दो नाम निर्देशन फार्म जमा किया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी सुश्री वर्षा रानी चिकनजुरी ने बताया कि लीलर सरपंच पद के उपचुनाव के लिए बुद्धेश्वर कंवर तथा राजकुमारी नेताम ने नामांकन दाखिल किया है। ग्राम पंचायत मोंगरागहन वार्ड क्र. 9 के पंच पद के लिए 13 मई को मालती गोड़ ने नामांकन दाखिल किया था। जबकि बिरेतरा वार्ड क्र. 13 में पंच पद के उपचुनाव के लिए अभी तक कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया है।

निर्वाचन शाखा प्रभारी लालचंद दिली ने बताया कि 18 मई तक नामांकन जमा करने का समय है। 19 मई को स्क्रूटनी होगी। 21 मई तक नाम निर्देशन पत्र की वापसी होगी। 21 मई को ही चुनाव चिन्ह का प्रकाशन होगा। मतदान 1 जून को होगा।

उल्लेखनीय है कि जिले की दो ग्राम पंचायत में सरपंच और 17 ग्राम पंचायतों में पंच पद के लिए उपचुनाव का बिगुल बज गया है। 2 सरपंच तथा 20 पंच पद के लिए मतदान होगा। 27 हजार 885 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

# घर में घुसकर मारपीट व उत्पात मचाने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

■ गणेश चौक में एसिड अटैक का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात गणेश चौक की गली में हुए एसिड अटैक की घटना के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर रिपोर्ट दर्ज कर घर में घुसकर मारपीट व उत्पात मचाने वाले पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कानून व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। गणेश चौक निवासी सागर कसार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार की रात्रि लगभग 10.30 बजे कुछ युवक लाठी, स्टीक व रॉड लेकर उसके घर में पहुंच सुमीत कसार एवं दिलीप सोनकर के संबंध में पूछताछ करते हुए गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। आरोपियों द्वारा घर के अंदर घुसकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने आरोपी विजय सोनकर उर्फ मोनू पिता संतोष उम्र 28 वर्ष सदर दक्षिण वार्ड, अमन सोनकर पिता कमलेश उम्र 22 वर्ष रामबाग, विकास निर्मलकर पिता हेमलाल उम्र 21 वर्ष कारगिल चौक विंध्यवासिनी ⏵⏵ शेष पेज 12 पर



### एसिड अटैक करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी बाकी

मारपीट करने के बाद घर के सामने उत्पात मचा रहे युवकों पर एसिड फेंकने वाले आरोपी सूरज कसार के खिलाफ विजय सोनकर उर्फ मोनू की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। इस घटना में आरोपी सूरज कसार भी घायल हुआ था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी होने के कारण पुलिस एसिड अटैक मामले के मुख्य आरोपी सूरज कसार पिता प्रेमलाल की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करेगी।

## उर्वरक की कमी और बढ़ती कीमत को लेकर शैलेश नितिन त्रिवेदी ने केंद्र सरकार को घेरा

# महंगाई, पेट्रोल-डीजल संकट पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष पाठ्यपुस्तक निगम छग शासन शैलेश नितिन त्रिवेदी ने गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल संकट और उर्वरकों की कमी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से तेल का कम उपयोग करने, घर से काम करने, सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्रा कम करने की अपील जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

उन्होंने कहा कि देश का किसान पहले से ही उर्वरकों की कमी और महंगे खाद के कारण परेशान है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार आज किसानों को उर्वरक कम उपयोग करने की सलाह दे रही है। छत्तीसगढ़ में 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता है, जबकि अब तक केवल 51 हजार मीट्रिक टन उर्वरक ही सोसायटियों तक पहुंच पाया है। इससे किसानों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है।

पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, मदनमोहन खंडेलवाल, शरद लोहाना, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, विपिन साहू, कविता बाबर, आनंद पवार, गोपाल प्रसाद शर्मा, अरविन्द दोशी, विक्रांत पवार, आलोक जाधव, विक्रांत शर्मा, सुनीता साहू, दीपक सोनकर, अंबिका सिन्हा, सूर्यप्रभा चेटियार, तपन चंद्राकर, विशु देवांगन, हितेश गंगवीर, खेमराज चंद्राकर, उदित नारायण साहू, तोमेश साहू, योगेश्वर साहू, संजू साहू, सूरज पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### महंगाई से बिगड़ा घरों का बजट

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में खाद्य सामग्री, गैस, पेट्रोल-डीजल और दाल के दामों में लगातार वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की तुलना में आज आटा, चावल, खाद्य तेल, दाल, गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम दोगुने से अधिक हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई के कारण गृहिणियों का किचन बजट पूरी तरह बिगड़ गया है और आम आदमी कर्ज लेने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण करने में असफल रही है। पेट्रोलियम उत्पादों पर कर लगाकर जनता से भारी राशि वसूली जा रही है, जबकि देश के कई हिस्सों में पेट्रोल और डीजल की कमी बनी हुई है।

### विदेश यात्राओं और तेल भंडारण को लेकर भी उठाए सवाल

पत्रकार वार्ता में श्री त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं और तेल भंडारण व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में क्रूड ऑयल भंडारण का एक भी नया केंद्र नहीं बनाया। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में देश में मौजूद तेल भंडारण केंद्र पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के समय बनाए गए थे। उन्होंने भाजपा नेताओं से भी डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की सलाह का पालन पहले भाजपा के मंत्री, विधायक और पदाधिकारी करें।




## खबर संक्षेप



### हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत खुरमई रोड में सरोना थानांतर्गत साल्हेटोला निवासी 58 वर्षीय राजूराम भास्कर पिता स्व. दशरथ का एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट से आई चोट के कारण उसका 14 मई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो आमाबेड़ा थाना में पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बीचपारा भानुप्रतापपुर निवासी 60 वर्षीय अगोन बाई पति स्व. श्रीरामलाल ने अज्ञात कारणों के चलते 14 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

### दुर्घटना में मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत किलेपार निवासी उमेश मरकाम पिता टाकेश्वर सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका 13 मई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में आई चोट के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### चमरूराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम नारधा निवासी चमरूराम साहू का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे ओन साहू के भाई, अमरीश साहू, खोमलाल साहू के पिता थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### घर में घुसकर मारपीट व उत्पात मचाने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

वार्ड, योगी सोनकर उर्फ छोटू पिता राम सोनकर 27 वर्ष विंध्यवासिनी वार्ड व सोम त्रिपाठी पिता आलोक उम्र 19 वर्ष मराठा पारा निवासी को हिरासत में लिया गया। आरोपी विजय सोनकर उर्फ मोनू के कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त डंडा को बरामद किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी विजय सोनकर उर्फ मोनू व योगी सोनकर के खिलाफ पूर्व में भी कोतवाली में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की है।

# निर्माण कार्य में देरी पर पंचायत सचिव और कर्मचारी होंगे जिम्मेदार

## पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक में सीईओ ने निर्माण कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों की कलेक्ट्रेट सभागार में धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी विकासखंडवार समीक्षा बैठक लेकर आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों और पंचायत सचिवों को दिए।

### मामलों पर ग्राम पंचायत प्रस्ताव तैयार करें

सीईओ ने कहा कि शासन द्वारा आवास निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। श्री ठाकुर ने यह भी निर्देश दिए कि जिन आवासों में किसी प्रकार की विशेष समस्या है जैसे भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, हितग्राही की अनुपस्थिति अथवा अन्य तकनीकी समस्याएं, उन मामलों में ग्राम पंचायत प्रस्ताव तैयार कर आगामी 7 दिवस के भीतर जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए ताकि समस्याओं का निराकरण कर आवास निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा सके।



### 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश

श्री ठाकुर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य को 15 जून तक अनिवार्य रुप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि द्वितीय किस्त प्राप्त होने के बाद भी यदि निर्माण कार्य अधूरा रहता है तो संबंधित पंचायत सचिवों एवं मैदानी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### अप्रारंभ आवासों की सूची तैयार करें

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ठाकुर ने अप्रारंभ आवासों की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अगले 15 दिवस के भीतर प्रारंभ कर पूर्णता की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अप्रारंभ आवासों की सूची तैयार कर व्यक्तिगत स्तर पर हितग्राहियों से संपर्क स्थापित किया जाए तथा निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर किया जाए।

## शिविर में कुल 677 आवेदन प्राप्त हुए, मौके पर 515 आवेदनों का निराकरण

# मेघा के सुशासन तिहार में हुई मांगों की बारिश







■ सुशासन लाने गांव-गांव पहुंच रही राज्य सरकार : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम मेघा के हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित सुशासन तिहार में भीषण गर्मी के बाद भी ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शिविर में आवेदन करने वालों की रेलमपेल रही। शिविर में अरौद, गिरौद, मेघा, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, परसवानी, कुल्हाड़ीकोट, परसाबुड़ा, दुधवारा, कोरगांव, बेलरदोना, मड़ेली, भरदा, बोड़रा, कमरौद, खैरझिटी सहित 18 गांव के ग्रामीण शामिल हुए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की मांग एवं समस्याों का त्वरित समाधान करना है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी व्यक्ति को आसानी से मिल सके। जनपद सभापति राजेश साहू, नंदनी साहू ने भी सभा को संबोधित किया। मेघा सरपंच मनीषा ध्रुव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सुशासन तिहार शिविर के माध्यम से शासन के सभी विभाग को गांव में उपस्थित कराकर सुशासन लाने का अच्छा कार्य किया है। मौके पर जनपद सदस्य यमुना केवल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू, नोडल अधिकारी आशालता, जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, बीएमओ डॉ शारदा ठाकुर, वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, बीईओ मनीष ध्रुव, बीआरसी तामेश्वर ठाकुर, आबकारी निरीक्षक आशीष ध्रुव, विद्युत जेई लोकेश ठाकुर, एसडीओ संजय चंद्राकर, इंजीनियर सरोज साहू, जितेंद्र साहू, मत्स्य निरीक्षक देवेन्द्र साहू, सहकारिता अधिकारी भुनेश्वर नेताम, सुपरवाइजर धनराज साहू, हवलदार कमलेश ध्रुव, सैनिक धरम निषाद, महिला बाल विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में कुल 677 आवेदन प्राप्त हुए। मांग के 667 आवेदन तथा शिकायत के 10 आवेदन मिले। मौके पर 515 आवेदनों का तत्काल निराकरण कारण किया गया। शिविर में 7 नवीन राशन कार्ड का वितरण जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू द्वारा किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 वाकर, 3 पेंशन स्वीकृति आदेश, 2 मनरेगा जॉब कार्ड वितरण, 3 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 8 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया, 10 लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया। 5 लोगों का आधार अपडेट किया गया। 3 नवीन आधार कार्ड बनाया गया। 505 आवेदन मांग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए। जिसमें से 420 का निराकरण किया गया। 85 प्रकरण लंबित हैं। 59 आवेदन मांग राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग को प्राप्त हुए। 1 शिकायत आवेदन भी प्राप्त हुआ। 3 मांगों का निराकरण किया गया। 85 आवेदन लंबित हैं।

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सीएमएचओ से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय धमतरी में विभिन्न मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

संघ के पदाधिकारियों ने सीएमएचओ यूएल कौशिक के समक्ष कर्मचारियों की सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित चार प्रमुख मांगें रखीं। इनमें जिले के सभी कर्मचारियों को विभाग की ओर से पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी करने, शासकीय आवास का आवंटन वरिष्ठता के आधार पर करने तथा आवास प्राप्त संविदा कर्मचारियों से विभाग द्वारा बाजार दर के अनुसार राशि वसूली करने की मांग प्रमुख रही।

इसके अलावा संघ ने डीटीसी का कार्यभार समकक्ष योग्यता रखने वाले कर्मचारियों को सौंपने की मांग भी उठाई। पदाधिकारियों ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से कर्मचारियों को कार्य करने में सुविधा मिलेगी और विभागीय व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी।

बैठक में जिला अध्यक्ष संजय कुमार नारंग, प्रांतीय उपाध्यक्ष एसआर टंडन, प्रांतीय सचिव मनोज वाधवानी तथा जिला सचिव ओमप्रकाश निर्मलकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। सीएमएओ श्री कौशिक ने संघ की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

# 10वीं में 75 प्रतिशत तो 12वीं में शत-प्रतिशत

■ चरमुड़िया स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा, जिसमें कुल 56 परीक्षार्थियों में से 42 विद्यार्थी सफल हुए। इनमें 27 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी तथा 15 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल की। कक्षा 10वीं में चंचल राजपूत ने 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, पूर्वा राजपूत ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा जीत कुमार ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 54 विद्यार्थियों में से 37 ने प्रथम श्रेणी और 17 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल की। वाणिज्य संकाय से उमेश देवांगन 89 प्रतिशत प्रथम, संजना साहू 88 प्रतिशत द्वितीय और प्रतीक्षा यादव 85 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे।

इस उल्लेखनीय सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, जनपद सदस्य उर्वशी बांधेकर, सरपंच नीतू तेजेंद्र तोड़ेकर सहित विद्यालय की प्राचार्य निधि सोनी, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामवासियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नगर की दीवारें बच्चों की रंग-बिरंगी कल्पनाओं से जीवंत हो उठीं

■ वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिया स्वच्छता, पर्यावरण और यातायात जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



### बच्चों में होती है अपार प्रतिभा : छाबड़ा

इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि बच्चों में अपार प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की होती है। भविष्य में भी नगर पंचायत द्वारा इस प्रकार के रचनात्मक एवं प्रेरणादायी आयोजनों का आयोजन लगातार किया जाएगा, ताकि बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आ सके। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ।

नगर पंचायत नगरी क्षेत्र अंतर्गत बच्चों में छिपी हुई कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने एवं उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता रखी गई। इस दौरान नगर की दीवारें बच्चों की रंग-बिरंगी कल्पनाओं और सामाजिक संदेशों से जीवंत हो उठीं।

प्रतियोगिता में पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी बच्चे ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़-पौधों और प्रकृति का चित्र उकेरा, तो किसी ने स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए कचरे को डस्टबिन में डालने एवं शौचालय उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। कई बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी की आकर्षक तस्वीर बनाकर देशभक्ति की भावना प्रदर्शित की, वहीं यातायात नियमों का पालन करने संबंधी चित्रों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा बनाई गई बार्बी डॉल, छोटा भीम एवं अन्य रचनात्मक चित्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों की कल्पनाशीलता और कला कौशल की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद चेलेश्वरी साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, उप अभियंता प्रमेश ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू, गणेश राम पांडे, पुष्कर पाटिल उपस्थित थे। अतिथियों ने प्रतियोगिता में प्रथम रही कोनिका साहू एवं किरण साहू डोंगरडुला तथा द्वितीय भूमिका साहू नगरी, तृतीय स्थान पर रही मोक्षा साहू नगरी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## सुखराम नागे महाविद्यालय में हुई व्याख्यानमाला

# प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं वनस्पति विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन तथा प्रो. लोकेश्वरी राठिया के दिशा निर्देशन में प्राणीशास्त्र तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त संयोजन में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डा. अविनाश निचट सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र विभाग शासकीय महाविद्यालय भखारा थे। डा. निचत ने जैव विविधताः संरक्षण में शिक्षा एवं जागरूकता का महत्व विषय पर कहा कि प्रकृति केवल दृश्य सौंदर्य का विस्तार नहीं, अपितु सृष्टि की अनंत चेतना का जीवंत स्वरूप है। पर्वतों की विराटता, नदियों की कल कल ध्वनि, वनों की हरितिमा, पक्षियों का मधुर कलरव तथा असंख्य जीवों का सह अस्तित्व यही जैव विविधता का दिव्य वैभव है। यह धरा का वह अनुपम श्रृंगार है, जिसके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी प्रतीत होती है।



### शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं

वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक ने बताया कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव के अंतर्मन में प्रकृति के प्रति करुणा, संवेदना और संरक्षण का संस्कार जागृत करने की पवित्र साधना है। जब युवा पीढ़ी प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में स्वीकार करेगी, तभी संरक्षण का वास्तविक भाव विकसित होगा।

### पृथ्वी मानव की निजी संपत्ति नहीं

प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने स्मरण कराया कि पृथ्वी मानव की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि समस्त जीव जगत की साझी धरोहर है। प्राणी शास्त्र विभाग के भूषण कुमार साहू ने कहा कि एक पौधा रोपना केवल वृक्ष लगाना नहीं, बल्कि भविष्य को प्राणवायु प्रदान करना है। जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण केवल संसाधन बचाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित करना है। पर्यावरण के प्रति जागरूक होना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर डा. रमेश देवांगन, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो. मोहित कुर्रे, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, प्रो.लालमन बेरवंश, डा.कविता, डा. संध्यारजनी मिश्रा, अंबा शुक्ला, डा.ममता सौरज, उर्वशी साहू, डा.खेमचंद, डा. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सागर मंडावी, सुश्री सीता नेताम, सुश्री प्रियंका नेताम, श्रीमती ललिता कोकिला, सौरभ पाण्डेय, डिलेश्वरी पटेल, मनोज बारले, गोपाल देवांगन, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन उपस्थित थे।

# प्रथम एजुकेशन में गूंजा प्रकृति संरक्षण का स्वर

■ पर्यावरण प्रेमियों ने आगामी मानसून के लिए 5 लाख सीड बॉल तैयार करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भवन चरमुड़िया मोड़ कुरूद में प्राकृतिक शिक्षक विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के अंतर्गत एक दिवसीय राज्यस्तरीय सीड बॉल निर्माण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने आगामी मानसून के लिए 5 लाख सीड बॉल तैयार करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू बर्डमैन ने दो कदम प्रकृति की ओर का नारा देते हुए पक्षियों के लिए दाना, पानी और घोसला बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ ने की। उन्होंने प्रकृति को हर-भरा करने के उद्देश्य से इसकी आवश्यकता, उद्देश्य और लक्ष्य पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि समीक्षा गायकवाड़ ने सीड बॉल के इतिहास पर जानकारी साझा की। डॉ आशीष नायक और सुश्री परविंदर कौर गिल ने इस मुहिम में सहभागिता सुनिश्चित करने पर बोल दिया।

कार्यक्रम का संचालन लखनलाल साहू ने किया। समापन सत्र में डॉ आशीष नायक, परविंदर कौर गिल और गीतांजलि साहू को प्रशस्ति पत्र व सीड बॉल द्वारा सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह अपने घरों, विद्यालय, खाली स्थान, नदी तालाब के किनारे और आसपास के क्षेत्र में सीड बॉल का वितरण करेंगे। मौके पर बृजलाल मांडवी, लखनलाल साहू, भुवनेश्वर मरकाम, संध्या कुशल, चंद्र पटेल, सरोज, टीकम राम, जनार्दन, ईश्वर साहू, संतोष दत्त, आत्माराम साहू, प्रमोद साहू, डॉ स्वाति गंधर्व, क्षमता उइके, नीलिमा गौतम, अंजलि मौर्य, एचएन कुर्रे विज्ञान संचारक उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### परिजनों को मिली सहायता राशि

**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में पदस्थ कर्मचारी मीना नागवंशी के आकस्मिक निधन पर शासन द्वारा निर्धारित अनुग्रह सहायता राशि उनके परिजनों को प्रदान की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर परिवार को 50 हजार रुपएं की सहायता राशि सौंपते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि शासन कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। अनुग्रह राशि वितरण के समय अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, लेखापाल परमानंद नेताम सहित पंचायत कार्यालय के अन्य कर्मचारी एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से नाबालिग बालिका की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भेजा निवासी 16 वर्षीय सकीना कुमेटी पिता अरविंद को सांप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण 2 मई को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 18 से

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उमावि में नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 2026 का आयोजन 18 से 30 मई तक किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह अभिनव और रचनात्मक समर कैंप कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की अंतरनिहित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, उनकी सृजनात्मक क्षमता को विकसित करना तथा कला, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास का निर्माण करना है।

### सांप काटने से युवती की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोटागांव के 23 वर्षीय युवती को सांप ने काट लिया था। युवती को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी 3 मई को मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हुई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# सिरसिदा की महिलाओं ने बंजर भूमि को बनाया आय का जरिया

## फलोत्पादन से लाखों का मुनाफा, 6 एकड़ में आम, करौंदा, कटहल के लगाए पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सिरसिदा में महिला सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिखी जा रही है। कभी कम उपयोग वाली 6 एकड़ बंजर भूमि आज महिलाओं की मेहनत से आम, करौंदा और कटहल के बगीचों में तब्दील हो चुकी है। वर्ष 2016-17 में शुरू हुई मिश्रित वृक्षारोपण योजना आज जय मां शारदा और जय मां गायत्री स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए आर्थिक आजादी का प्रतीक बन गई है।

### सिर्फ फल नहीं, सब्जियां भी दे रहीं सहारा

महिलाओं ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए पेड़ों के बीच खाली जमीन पर अंतरवर्तीय खेती अपनाई है। यहां मूंगफली, शकरकंद, गोभी और अन्य मौसमी सब्जियां उगाई जा रही हैं, जिससे उन्हें साल भर अतिरिक्त आमदनी होती रहती है। इससे न केवल उनकी आय बढ़ी, बल्कि गांव के परिवारों को ताजी और पौष्टिक सब्जियां भी मिल रही हैं।





### बदली सामाजिक स्थिति

समूह की अध्यक्ष सुमित्रा पटेल और सचिव लीला देवदास बताती हैं कि इस कार्य ने महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास किया है। पहले जो महिलाएं घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, वे अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर बच्चों की शिक्षा और घर के खर्चों में योगदान दे रही हैं। सिरसिदा की यह पहल अब आस-पास के गांवों के लिए भी प्रेरणा बन गई है, जहां किसान अब पारंपरिक खेती के साथ फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

महिलाओं के सामूहिक श्रम का परिणाम अब सुखद आंकड़ों के रूप में सामने आ रहा है। पिछले चार वर्षों के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो महिलाओं ने कुल 17,300 किलोग्राम फलों का उत्पादन कर लगभग 4 लाख 51 हजार रुपये की आय अर्जित की है। वर्ष 2022-23: 1.10 लाख रुपये की आय। वर्ष 2023-24: रिकॉर्ड 1.75 लाख रुपये की आय। वर्ष 2024-25:1.25 लाख रुपये की आय। वर्तमान सत्र (2025-26) में आम की तुड़ाई जारी है, जिससे अब तक 41 हजार रुपये प्राप्त हो चुके हैं।

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : अजय

# सुशासन तिहार : विधायक ने कातलबोड़ में सुनीं जनसमस्याएं, मौके पर ही निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

प्रदेश सरकार के सुशासन के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए कुरुद विकासखंड के ग्राम कातलबोड़ में सुशासन तिहार सह जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने आम जनता के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी मांगें और शिकायतें लेकर पहुंचे थे। विधायक ने अधिकारियों को दो टूक लहजे में कहा कि जनता के काम में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पात्र व्यक्तियों को तत्काल लाभान्वित करें।

शिविर में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित मकानों की चाबियां और प्रशस्ति पत्र जब विधायक ने हितग्राहियों को सौंपे, तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा।



श्री चंद्राकर ने परिवारों के साथ खुशियां बांटते हुए कहा कि अपना पक्का घर होना हर गरीब का सपना है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार मिलकर पूरा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य केवल शिविर लगाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं की कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आए।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, जनपद सदस्य कुलेश्वरी साहू, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, मैदानी अधिकारी-कर्मचारी सहित विभिन्न गांवों से आए ग्रामीण उपस्थित थे।



### 13 पंचायतों से 752 आवेदकों ने लगाई गुहार

प्रशासन की सक्रियता का आलम यह रहा कि क्लस्टर की 13 पंचायतों (कातलबोड़, चर्रा, मोंगरा, कोकड़ी, बानगर, मंदरौद, कमरौद, सिंधौरीखुर्द, सिंधौरीकला, सेलदीप, जोरातराई, गाडाडीह एवं परखंदा) से कुल 752 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 728 आवेदन विभिन्न विकास कार्यों की मांग के थे, वहीं 24 आवेदन शिकायतों से संबंधित रहे। विधायक की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों ने अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई।

### विभागीय स्टालों से बरसी सौगातें

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर हितग्राहियों को सीधे लाभान्वित किया गया जिसमें आयुष्मान वय वंदन कार्ड और स्मार्ट कार्ड का वितरण। नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र और पोषण टोकरी भेंट। मछुआरों को जाल, आईस बॉक्स और श्रमिकों को पंजीयन कार्ड। दिव्यांगों और बुजुर्गों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

# सिहावा विस को मिली 93.14 करोड़ रुपए की सौगात

- पूर्व विधायक मरकाम ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





सिहावा विधानसभा में सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री मरकाम ने कहा कि उनकी अनुसंशा पर शासन द्वारा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मार्ग एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है, जिससे ग्रामीण अंचल के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

स्वीकृत प्रमुख कार्यों में सिहावा-बोराई मार्ग, दुधावा-मुरुमसिल्ली-बनरौद मार्ग, चुरियापारा-हरदीभाठा-देवपुर मार्ग, नगरी-बासीन मार्ग तथा बिरगुड़ी से सिहावा मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा नगरी-धमतरी मुख्य मार्ग पर बांसपारा एवं सियादेही में पुलिया निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। देवपुर-देऊरपारा-श्रृंगी ऋषि पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण तथा सिहावा-बोराई मार्ग में क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नवीन पुल निर्माण कार्य को भी मंजूरी मिली है। इन सभी विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा लगभग 93.14 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, मोहन नाहटा, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, सुलोचना साहू, प्रेमलता नागवंशी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वरी साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र सेन, गुरु साहू, प्रवीण गुप्ता, मंडल मंत्री दीनदयाल सेन एवं कमल साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

# कांग्रेसियों ने पार्टी को मजबूत बनाने का लिया संकल्प



**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर डाकबंगला वार्ड में संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि डाकबंगला वार्ड कांग्रेस का अभेद किला है जिसमें भाजपा कभी कब्जा नहीं कर पाई है। अन्य बूथों पर इसी तरह कार्य करने की आवश्यकता है । पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि देश समृद्ध तब होता है जब अंतिम व्यक्ति के पेट में रोटी, सिर पर छत और हाथ में काम हो। यही काम कांग्रेस ने किया। पिछले कांग्रेस सरकार में विकास कार्यों डाकबंगला वार्ड अग्रणी रहा।

पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ पार्टी नहीं, सत्यं शिवं सुंदरम की विचारधारा है। कांग्रेस का मतलब सेवा,त्याग, न्याय है। राजीव जी ने महिला को पंच-सरपंच बनाया, कंप्यूटर लाए।

गरीबों को पट्टा देने का कार्य सिर्फ कांग्रेस पार्टी ने किया है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए कांग्रेस की विचार धारा को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में पार्षद विशु देवांगन, अम्बर चंद्राकर, आशुतोष खरे, कन्हैया सोनी, नवीन गजेंद्र, अविनाश मरोठे, गणेश्वरी कामडे, दिनेश रामटेके, गोविंद साहू, सत्तू सेन, श्याम लाल साहू, कैलाश साहू, भागवत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# निर्माण के चार माह बाद भी पीएम जनमन आंगनबाड़ी केंद्र में लटक रहा ताला

- सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे से हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत कल्लेमेटा में प्रधानमंत्री जनमन आंगनबाड़ी केंद्र का भवन लगभग चार माह पूर्व बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन आज तक इसका संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है। भवन तैयार होने के बावजूद केंद्र में ताला लटका हुआ है, जिससे छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण बच्चों को पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कराया गया था। लेकिन निर्माण पूरा होने के कई महीने बाद भी केंद्र बंद पड़ा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में बच्चों को पास के घरों अथवा दूर स्थित पुराने केंद्रों में जाना पड़ता है, जिससे काफी असुविधा होती है। छोटे बच्चों के लिए नियमित रूप से वहां पहुंचना कठिन हो जाता है। वहीं गर्भवती महिलाओं और माताओं को भी पोषण आहार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी भवन के पास सेप्टिक टैंक निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा गड्ढे खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है, विशेषकर छोटे बच्चों के लिए यह गंभीर खतरा साबित हो सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि चार माह से भवन बनकर तैयार है, फिर भी संचालन शुरू नहीं होना समझ से परे है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की फुर्सत नहीं है।

ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन प्रारंभ कराया जाए तथा सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढों को तत्काल भरवाकर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से संगठन और मजबूत होगा : संगीता



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा का शुक्रवार को धमतरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घड़ी चौक में जोरदार स्वागत किया गया। बालोद से सड़क मार्ग होते हुए रायपुर पदभार ग्रहण करने जा रही संगीता सिन्हा के धमतरी आगमन पर कांग्रेसियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, मिठाई बांटते हुए आतिशबाजी के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, जिला महामंत्री अरविंद दोशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, कविता बाबर, मनीषा साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, अंबिका सिन्हा, शास्त्री सोनवानी, सुमन मेश्राम, लोकेश्वरी साहू, वीणा देवांगन, कविता साहू, वातांजलि गोस्वामी, समीन खान, हिना ध्रुव, टिकेंद्र गजेंद्र, अजय सिन्हा, सूरज पासवान, योगेश्वर साहू, ज्ञानचंद सिन्हा, ममता शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर संगीता सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने की अपील की।

# मगरलोड कॉलेज में हुई सकोरा निर्माण प्रतियोगिता

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा सकोरा (कृत्रिम पक्षी ग्रह) निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण की भावना का सृजन करना था। सकोरा के माध्यम से बेजान परिंदों के लिए इस तपती गर्मी में दाना, पानी और छांव की व्यवस्था करना जिसके माध्यम से पक्षी संरक्षण की भावना निर्मित हो सके। निर्णायक की भूमिका डॉ यशोदा साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास, सुश्री निरूपा साहू सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, डॉ. रमा देवी सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने निभाई। उन्होंने छात्र छात्राओ के कला और शिल्प का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में डॉ. घनश्याम देवांगन, कौशलेश कुमार ध्रुव, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, अनीता साहू, डॉ विनोद कुमार, सुषमा, सुशीला साहू, नीरज कुमार, वर्षा यादव, दानेश्वर प्रसाद, युगेंद्र साहू, तेजराम सिन्हा, पीयूष वाही समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाबा के ब्रम्हलीन से व्यापारी समाज में शोक



**धमतरी।** देश के सबसे व्यापारी संगठन कैट के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि बाबा चोइथराम जग्यासी के ब्रम्हलीन होने से सिर्फ सिंधी समाज ही नहीं बल्कि समस्त समुदाय तथा व्यापारी जगत में शोक की लहर है। समाज के समस्तजनों की दुकानें संस्कार तक बंद रहीं। विदित हो कि बाबा को सिंधी समाज ही नहीं, सर्वसमाज सम्मान देते आए हैं। बाबा का व्यवहार ही ऐसा था कि सभी को सम्मान और प्यार देते थे।

### संत चोइथराम के निधन से अपूरणीय क्षति : चेतन



**धमतरी।** संत बाबा चोइथराम के देवलोक गमन से समाज सहित अंचल में शोक की लहर है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने बाबा चोइथराम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा चोइथराम धमतरी सिंधी गुरुद्वारा के संस्थापक बाबा गुरुदास राम के पुत्र थे, उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गुरुद्वारा सेवा, समाज सेवा एवं मानव कल्याण के कार्यों में समर्पित कर दिया। बाबाजी का अलौकिक व्यक्तित्व अत्यंत सरल, सौम्य एवं सेवाभावी था। बाबा जी ने केवल सिंधी समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज को प्रेम, भाईचारा, सेवा और आध्यात्मिकता का संदेश दिया।

### कार की ठोकर से स्कूटी सवार घायल



**धमतरी।** हाईस्पीड कार राजाराव पठार के पास स्कूटी सवार को ठोकर मार फरार हो गई। इस घटना में स्कूटी सवार घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीहूराम पिता बच्चूराम उम्र 46 वर्ष ग्राम तालाकुर्रा जिला कांकेर निवासी गुरुवार की दोपहर स्कूटी में सवार होकर नेशनल हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार के चालक ने राजाराव पठार के पास उसकी स्कूटी को ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक कार सहित मौके से भाग गया। कार की ठोकर से अधेड़ स्कूटी सहित दूर जा गिरा। सूचना पर नेशनल हाईवे की एंबुलेंस 1033 तत्काल मौके पर पहुंची और घायल अधेड़ को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**किरंदुल।** पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर में अवैध शराब पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन एवं एसडीओपी कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय यादव व स्टाफ ने अवैध शराब परिवहन करने वालों के विरूद्ध अभियान शुरू किया हैं।

# धमतरी में जनगणना कार्य ने तेजी पकड़ी, घर-घर पहुंच रहे प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में चल रहे देशव्यापी जनगणना अभियान ने अब रफ्तार पकड़ ली है। शुरुआती चरण में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। अब तक जिले में 2000 से अधिक लोगों ने स्वयं अपना गणना फार्म भरकर प्रशासन को सहयोग प्रदान किया है।

इस पहल से प्रारंभिक डेटा संग्रह में तेजी आई है और प्रशासन को महत्वपूर्ण आधारभूत जानकारी प्राप्त हुई है। अधिकारियों का कहना है कि स्व-गणना से न केवल प्रक्रिया सरल होती है, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी अधिक सटीक बनती है। यह सहभागिता आने वाले विकास कार्यों की मजबूत नींव तैयार कर रही है।

14 मई से जनगणना का मुख्य चरण और अधिक सक्रिय रूप में शुरू हो गया है, जिसमें प्रगणक दल घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रहे हैं। प्रशिक्षित कर्मचारी प्रत्येक परिवार से निर्धारित प्रश्नावली के आधार पर जानकारी एकत्र कर रहे हैं। जिन परिवारों ने स्व-गणना नहीं की है, उनकी जानकारी भी मौके पर दर्ज की जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान मकान, परिवार, सुविधाएं और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से जुड़े विभिन्न पहलुओं का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। जनगणना कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए जिले में बड़ी संख्या में कर्मचारी लगाए गए हैं। कुल 244 पर्यवेक्षक और 1373 प्रगणक इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन सभी को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि डेटा संग्रह में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। पहले चरण में मैपिंग और हाउस लिस्टिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है और अब विस्तृत सर्वे की प्रक्रिया जारी है।

## 2000 से अधिक लोगों ने भरा स्व-गणना फार्म



### विकास योजनाओं की नींव बनेगा सटीक डेटा

जनगणना से प्राप्त आंकड़े जिले की भविष्य की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की योजना इन्हीं आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से अभियान सफल हो रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सही और पूर्ण जानकारी देकर प्रशासन का सहयोग करें। उनका कहना है कि यह डेटा पूरी तरह गोपनीय है और इसका उपयोग केवल विकास योजनाओं के लिए किया जाएगा।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी, शादी समारोह और कारोबार भी प्रभावित

# कोलियारी और आसपास के गांवों में बिजली संकट, लो-वोल्टेज से ग्रामीण हुए बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर सीमा से लगे ग्राम कोलियारी, करेठा, अछोटा, कानीडबरी में बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली बंद रहने और कम वोल्टेज से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। बिजली की आंखमिचौली से गांव के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों का गुस्सा कभी भी फूट सकता है।

ग्रामीण फागू राम साहू, मन्नू साहू रूपम साहू, मनोज विश्वकर्मा, दादू विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव ग्रामीण फीडर से जुड़ा हुआ है। पिछले पखवाड़े भर से गांव में लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। दिन हो या रात, किसी भी समय घंटों बिजली बंद कर दी जाती है। कई बार देर रात तक बिजली गुल रहने से लोगों को जागकर समय बिताना पड़ रहा है। पंखा और कूलर ठीक से नहीं चलने से छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान हैं। कई घरों में मोटर पंप तक सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे पानी की समस्या भी बढ़ने लगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली कटौती का असर केवल घरेलू कामकाज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर छोटे व्यवसायों पर भी पड़ रहा है। बिजली से चलने वाली मशीनें और उपकरण बंद रहने से व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं।

## ग्रामीणों ने की शासन-प्रशासन से विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग



### शादी समारोह में भी बढ़ी परेशानी

ग्रामीण त्रिलोचन पटेल ने बताया कि वर्तमान में गांव में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। कई परिवारों में मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, लेकिन बिजली कटौती के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार शादी समारोह में बिजली बंद हो जाने से कंडिल और मोमबत्ती की रोशनी में कार्यक्रम संपन्न कराने पड़ रहे हैं।

### विभाग ने दिया सुधार का भरोसा

बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि आधा क्षेत्र पहले शहर फीडर से जुड़ा हुआ था, जिसे हटाकर दोबारा ग्रामीण फीडर में जोड़ा गया है। इससे फीडर पर लोड बढ़ गया है। गर्मी के मौसम में बिजली खपत अधिक होने के कारण कभी-कभी लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मेंटेनेंस कार्य के दौरान भी बिजली बंद करनी पड़ती है। विभाग अपने स्तर पर लगातार व्यवस्था सुधारने का प्रयास कर रहा है और जल्द ही समस्या दूर करने की कोशिश की जाएगी।

# पक्षकारों को त्वरित एवं बेहतर न्याय मिलेगा



- जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता संघ कार्यालय में ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने किया। ई-लाइब्रेरी प्रारंभ होने से अधिवक्ताओं को विभिन्न प्रकार के मामलों में आवश्यक साइटेशन एवं न्यायिक संदर्भ खोजने में काफी सुविधा मिलेगी। बताया गया कि सिविल प्रकरण, दांडिक मामले, दावा प्रकरण, कुटुंब न्यायालय सहित अन्य विविध कानूनी विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय एवं जानकारी अब डिजिटल माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। इससे अधिवक्ताओं को पक्षकारों को त्वरित एवं बेहतर न्याय दिलाने में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीरज तिवारी, सचिव भीखम लाल सिन्हा, संघ की संरक्षक सुश्री पार्वती वाधवानी, राज्य विधिज्ञ परिषद सदस्य शत्रुघ्न सिंह साहू, उपाध्यक्ष सुश्री जानकी तिवारी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पीयूष देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य कोमल थवाईत, श्रीमती रामेश्वरी सपहा, दिव्यांशु साहू, अधिवक्ता राजकुमार सोनी, बसंत जैन, राजेश देवांगन, हरेश नाग, प्रदीप ध्रुवंशी, सुश्री पदमिनी सोनकर एवं सुश्री तारा देवांगन सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# कसावाही के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर महापौर से की मुलाकात



- महानदी जलाशय से पाइपलाइन बिछाने एवं मिनी फिल्टर प्लांट लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कसावाही (डुबान) के ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार बनी हुई पेयजल समस्या, निस्तारी एवं सिंचाई संबंधी परेशानियों को लेकर महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की।

ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में गांव में पेयजल संकट गंभीर रूप ले लेता है, जिससे आमजन सहित किसानों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने महापौर के समक्ष मांग रखी कि लीटर रीकेशन चावटबांट तक महानदी जलाशय से कसावाही गांव (4 कि.मी) तक पाइपलाइन विस्तार किया जाए, ताकि लोगों को स्थायी रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

गांव में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने मिनी फिल्टर प्लांट स्थापित किए जाने की भी मांग की गई। इस योजना के लागू होने से गांव में पेयजल, निस्तारी एवं सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। महापौर ने आश्वासन दिया कि ग्राम कसावाही की इस महत्वपूर्ण मांग को शासन की जल जीवन मिशन योजना में शामिल कराने हेतु आवश्यक पहल की जाएगी तथा संबंधित विभाग से चर्चा कर जल्द सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर कसावाही की सरपंच श्रीमती सुमन मंडावी, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रतनलाल कोर्राम, पूर्व ग्राम अध्यक्ष नारद कोर्राम, ग्राम विकास समिति कोषाध्यक्ष डीगन लाल मेश्राम, गंगरेल भाजपा मंडल सदस्य रूपराम मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी

# अंधड़, बारिश से आम की फसल चौपट





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार की सुबह 9 बजे मौसम सामान्य था। देखते ही देखते आसमान पर काली घटा उठने लगी। कुछ ही मिनट में पूरा अंचल काली घटा से घिर गया। अंधेरा छाने लगा। हवाओं की रफ्तार तेज होने लगी। आंधी से धूल के गुबार उड़ने लगे। वाहनों के पहिए थम गए। कुछ क्षेत्र में आधे घंटे तक तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। अचानक मौसम बदलने से धान फसल को क्षति पहुंची है। वहीं आम की फसल भी चौपट हो गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी मध्यप्रदेश और आसपास के इलाकों में 0.9 किमी ऊपर का एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। पूर्व पश्चिम द्रोणिका, पश्चिमी मध्यप्रदेश से पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तरी गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए बंग्लादेश तक 0.9 किमी के ऊपर स्थित है। एक अन्य द्रोणिका पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा से होते हुए उत्तरी आंतरिक कर्नाटक तब 0.9 किमी के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से पूरे प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस कमी आई है। आगामी 4 दिनों तक प्रदेश के एक दो स्थानों में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा, वज्रपात तथा हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के एक दो स्थानों में 40 से 50 किमी की रफ्तार से आंधी चलने, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

### मुआवजे की मांग



कोटाभर्री निवासी किसान एवं आम बगान संचालक खूबलाल ध्रुव ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे करीब बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से आम बगान को भारी नुकसान पहुंचा है। उसके बगान में आम के 100 पेड़ हैं। कच्चे एवं पके आम भारी मात्रा में गिरकर खराब हो गए। उन्होंने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से उसे 30 हजार रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। यही हाल अन्य आम बगान संचालकों का है। खूबलाल ने प्रभावित किसानों का सर्वे कर उचित सहायता एवं मुआवजा प्रदान करने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### धान फसल को नुकसान

अर्जुनी, खपरी के किसान युवराज शर्मा, ताम्रध्वज ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे से 40 से 50 किमी की रफ्तार से आंधी चलने के साथ आधे घंटे की मूसलाधार बारिश हुई है। रबी फसल धान पककर तैयार है। कहीं-कहीं धान की कटाई हो गई। कहीं पर धान की फसल खड़ी है। बारिश, आंधी से धान फसल को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि रबी में धान की फसल सीमित मात्रा में ली गई है जिससे नुकसान का आंकड़ा कम होगा। खबर है कि आंधी से कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हो गए हैं। इससे बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए बाधित रही।

# निगम टेंडर में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम के ठेकेदार आलोक जाधव एवं विजय पांडे ने नगर निगम आयुक्त को पत्र सौंपकर टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता होने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

ठेकेदारों का आरोप है कि हाल ही में हुए एक विकास कार्य के टेंडर में एक पार्षद पुत्र द्वारा भाग लिया गया, जबकि निगम अधिनियम और प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार किसी पार्षद के पुत्र अथवा परिवार के सदस्य को निगम के विकास कार्यों के टेंडर में भाग लेने की अनुमति नहीं है। यह नियमों के विपरीत है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में इसी विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति का टेंडर नहीं खोला गया था, लेकिन इस बार पूर्ण जानकारी होने के बावजूद टेंडर स्वीकार कर लिया गया और उसे कार्य भी प्रदान कर दिया गया। ठेकेदारों ने इसे विभागीय मिलीभगत का मामला बताते हुए सवाल उठाए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों की अनदेखी कर टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे अन्य पात्र ठेकेदारों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने आयुक्त से पूरे प्रकरण की जांच कराने और निगम अधिनियम व शपथ पत्र के विरुद्ध पाए जाने पर संबंधित टेंडर को निरस्त करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आग्रह किया है कि नियमों के अनुसार सेकंड लोएस्ट टेंडर को स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे और निगम की कार्यप्रणाली पर लोगों का विश्वास कायम रहे।

### संत माता कर्मा त्याग, सेवा, समर्पण की प्रतीक हैं : रंजना

# देवपुर में श्रद्धा के साथ मना संत माता कर्मा महोत्सव, मूर्ति की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



साहू समाज परिक्षेत्र झिरिया द्वारा डोंगेश्वर धाम देवपुर में संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती एवं मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

पूर्व प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष विपिन साहू ने कहा कि संत माता कर्मा केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका जीवन सादगी, सेवा और भक्ति का अनुपम उदाहरण है। जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब युवा वर्ग सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए आगे आए। समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और संस्कारों की परंपरा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर साहू समाज के पूर्व प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, जिला साहू संघ कोषाध्यक्ष संतराम साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष चिरौंजी साहू, उपाध्यक्ष रुक्मणि साहू, संगठन सचिव टीकाराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष केशव राम साहू, सरपंच देवलाल साहू,रंगझरुखा साहू, केकती साहू, प्रीतम साहू, बिसहत राम साहू, जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू, राधिका साहू, नरेश कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत

अपने उद्बोधन में रंजना साहू ने कहा कि संत माता कर्मा त्याग, सेवा, समर्पण और संस्कारों की प्रतीक हैं, उनका जीवन समाज को एकता, परिश्रम और मानव सेवा की प्रेरणा देता है। साहू समाज सदैव सामाजिक समरसता, शिक्षा और संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी एकता के बल पर समाज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020